# Delhi Public School Gandhinagar

## Academic session (2026-27)

Class: III

Study Materials

# JULY: 2026

## Subject: Hindi

## पाठ- 4 प्रकृति-संदेश

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) शीश - सिर

(ख) उमंग - मौज

(ग) धैर्य - धीरज

(घ) नभ - आकाश

**वाक्य रचना**

शीश - अपने देश का शीश नहीं झुकने देंगे|

धैर्य - पृथ्वी हमें धैर्य रखना सिखाती हैं|

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

1 कविता किसके विषय में है?

उत्तर: कविता प्रकृति के विषय में है|

2 'समझ रहे हो क्या कहती हैं|' यह बात कौन, किससे कह रहा है?

उत्तर: 'समझ रहे हो क्या कहती हैं|' यह बात सागर की लहरें, सभी लोगों से कह रही हैं|

3 जब सिर पर भार हो, तो हमें क्या करना चाहिए?

उत्तर: जब सिर पर भार हो, तो हमें धैर्य नहीं छोड़ना चाहिए|

4 नभ का क्या संदेश है?

उत्तर: नभ कहता है फैल कर, तुम सारा संसार ढक लो|

**CBE QUESTIONS**

1 कविता में ऊँचे बनने की सीख कौन दे रहा है?

उत्तर: कविता में ऊँचे बनने की सीख पर्वत दे रहा है|

2 सागर लहराकर क्या कर रहा है?

उत्तर: सागर लहराकर मन में गहराई लाने को कह रहा है|

3 "पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो" - इस वाक्य के अनुसार धैर्य न छोड़ने का संदेश कौन दे रहा है?

उत्तर: इस वाक्य के अनुसार धैर्य न छोड़ने का संदेश पृथ्वी दे रही है|

4 नभ कहता है फैलो इतना, ढक लो तुम सारा संसार| - यह पंक्ति किस कविता से ली गई है, इसके रचयिता कौन है? **(CASE BASE)**

उत्तर: यह पंक्ति प्रकृति-संदेश कविता से ली गई है, इसके रचयिता सोहनलाल द्विवेदी है|

5 'गगन' शब्द का पर्यायवाची शब्द छाँटकर लिखिए|

उत्तर: गगन-नभ

पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य

1 **सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए -**

(क) 'पृथ्वी' हमें किस गुण को बनाए रखने का संदेश देती है?

| | | |
|---|---|---|
| i. उत्साह | ii. धैर्य ✓ | iii. विश्वास |

(ख) 'हमारे मन में अच्छे भाव और विचार होने चाहिए|' यह किसका संदेश है?

| | | |
|---|---|---|
| i. नभ | ii. उमंग | iii. तरंग ✓ |

(ग) पर्वत हमें क्या कहता है?

| | | |
|---|---|---|
| i. तुम भी ऊँचे बन जाओ ✓ | ii. तुम भी नीचे बन जाओ | iii. तुम नहीं बढ़ सकते |

2 **निम्नलिखित शब्दों का उचित मिलान कीजिए -**

| | |
|---|---|
| क. पर्वत | (i) फैलाव |
| ख. सागर | (ii) ऊँचाई |
| ग. पृथ्वी | (iii) धैर्य |
| घ. नभ | (iv) गहराई |

उत्तर: क- (ii) ख- (iv) ग- (iii) घ- (i)

4 **कविता के इस अंश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

समझ रहे हो क्या कहती हैं
उठ-उठ, गिर-गिर तरल तरंग|
भर लो, भर लो अपने दिल में
मीठी-मीठी मृदुल उमंग|

क. 'उठ' और 'गिर' कौन रहा है?

उत्तर: सागर की लहरें 'उठ' और 'गिर' रही हैं|

ख. उमंगों को कैसा बताया गया है?

उत्तर: उमंगों को मीठी और मृदुल बताया गया है|

भाषा - व्याकरण की ओर -

1 **निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार-अनुनासिक लगाइए - ( गृहकार्य )**

| | |
|---|---|
| (क) डडा - डंडा | (ख) दात - दाँत |
| (ग) साप - साँप | (घ) गाव - गाँव |
| (ड.) अतर - अंतर | (च) मुह - मुँह |

2 **निम्नलिखित शब्दों के तुक वाले शब्द लिखिए -**

| **शब्द** | **कविता से** | **स्वयं से** |
|---|---|---|
| क - जाओ | लाओ | गाओ |
| ख - तरंग | उमंग | मृदंग |
| ग - भार | संसार | हार |
| घ - लहराकर | उठाकर | फैलाकर |

3 **निम्नलिखित वाक्यों को संज्ञा शब्दों से भरिए -**

(क) हिमालय पर्वत खड़ा है|

(ख) कावेरी नदी बह रही है|

(ग) आकाश में तोता उड़ रहा है|

(घ) बच्चे खेल रहे थे|

**ACTIVITY -**

- **कक्षा के दो समूहों में 'पुराने व आधुनिक समय में अंतर' विषय पर वाद-विवाद|**

**Reflection Learning-**

1. ➢ भारत देश की परम्परा को जानने के साथ वैज्ञानिक सोच का विकास हुआ|
2. ➢ पाठ का शुद्ध वाचन करने के साथ शब्द भंडार में वृद्धि हुई|

## पाठ- 5 सबसे बड़ा आशीर्वाद

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) आत्मनिर्भर - स्वयं पर निर्भर रहना

(ख) हिम्मत - साहस

(ग) प्रेरणा - प्रोत्साहन

(घ) आशीर्वाद - बड़ों की दुआएँ

**वाक्य रचना**

आत्मनिर्भर - हमें भारत देश को आत्मनिर्भर बनाना है|

प्रेरणा - उसके जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है|

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

1 नेहा के माता-पिता अन्य लोगों से कैसे अलग थे?

उत्तर: नेहा के माता-पिता अन्य लोगों की तरह देख नहीं सकते थे|

2 नेहा मम्मी को क्या करते देख हैरान हो जाती थी?

उत्तर: नेहा मम्मी को घर का हर काम अच्छी तरह से करते देखकर हैरान हो जाती थी|

3 मम्मी-पापा नेहा को कैसा इनसान बनाना चाहते थे?

उत्तर: मम्मी-पापा नेहा को ऐसा इनसान बनाना चाहते थे जो मुश्किलों में न घबराए और हमेशा हिम्मत और मेहनत से जीवन में आगे बढ़े और सबकी मदद करे|

4 नेहा के दोस्त उसके मम्मी-पापा के बारे में क्या सोचते थे?

उत्तर: नेहा के दोस्त उसके मम्मी-पापा के बारे में सोचते थे कि वे देख नहीं सकते, तो तुम्हें मुश्किल होती होगी|

**CBE QUESTIONS**

1 मेरा नाम नेहा है| मैं नौ साल की हूँ| इस वाक्य में नेहा ने अपने लिए कौन-से सर्वनामों का प्रयोग किया है?

उत्तर: इस वाक्य में नेहा ने अपने लिए 'मैं' और 'मेरा' सर्वनामों का प्रयोग किया है|

2 नेहा को स्कूल के लिए कौन तैयार करता था?

उत्तर: नेहा को स्कूल के लिए उसकी मम्मी तैयार करती थी|

3 नेहा के पिताजी चलते समय किसका सहारा लेते थे?

उत्तर: नेहा के पिताजी चलते समय छड़ी का सहारा लेते थे|

4 एक दिन मैं उदास थी, क्योंकि मैं हिंदी की परीक्षा में अच्छा नहीं कर पाई| पापा ने मुझे गोद में बिठाया और कहा, "नेहा, कभी हार मत मानना| मैं हर दिन तुम्हारी मदद करूँगा|"

**(CASE BASE)**

(क) पापा नेहा को गोद में बैठाकर क्यों समझाने लगे?

उत्तर: पापा नेहा को गोद में बैठाकर समझाने लगे क्योंकि हिंदी में कम अंक आने के कारण वह उदास थी|

(ख) अगर किसी विषय आपके कम अंक आएँगे तो आप क्या करेंगे?

उत्तर: अगर किसी विषय में कम अंक आएँगे तो हम उस विषय में ज़्यादा मेहनत कर अच्छे अंक पाने की कोशिश करेंगे|

**पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य**

1 **सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए -**

(क) नेहा किस विषय की परीक्षा में अच्छा नहीं कर पाई?

i. गणित ii. अंग्रेज़ी iii. हिंदी ✓

(ख) नेहा के विषय में कौन-सी बात सही नहीं है?

i. वह नौ साल की है| ii. वह अच्छा खाना बनाती है| ✓ iii. वह तीसरी कक्षा में पढ़ती है|

(ग) 'उन्होंने मुझे आत्मनिर्भर रहना सिखाया|' यहाँ 'आत्मनिर्भर' का अर्थ है -

i. दूसरों पर निर्भर ii. स्वयं पर निर्भर ✓ iii. काम करना

2 **निम्नलिखित वाक्यों को उचित शब्द भरकर पूरा कीजिए -**

(क) आपको कैसे पता चलता है कि नमक कितना डालना है? ( कि / की )

(ख) पढ़ाई के साथ-साथ अपने दोस्तों की मदद भी करना| ( कि / की )

(ग) मैं हर दिन तुम्हारी मदद करूँगा| ( मदद / तारीफ़ )

(घ) माता-पिता की कहानियों से मुझे प्रेरणा मिलती है| ( प्रेरणा / आनंद )

भाषा - व्याकरण की ओर -

1 **निम्नलिखित शब्दों के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए -**

| | |
|---|---|
| (क) प्यार - प्रेम | (ख) घर - आलय |
| (ग) मदद - सहायता | (घ) दुनिया - संसार |
| (ङ.) माता - मम्मी | (च) पिता - पापा |

2 **पाठ में से सर्वनाम शब्दों के प्रयोग वाले तीन वाक्य छाँटकर लिखिए - ( गृहकार्य )**

(क) <u>मेरा</u> नाम नेहा है|

(ख) <u>मेरी</u> मम्मी का नाम सरिता है|

(ग) वे घर का काम अच्छी तरह से करती हैं|

**3 निम्नलिखित वाक्यों को काम वाले शब्दों के सही रूप से भरिए -**

(क) मम्मी बेसन के लड्डू <u>बनाती</u> हैं| (बनाना)

(ख) नेहा के पापा छड़ी के सहारे <u>चलते</u> हैं| (चलना)

(ग) नेहा के मम्मी-पापा उसका खयाल <u>रखते</u> हैं| (रखना)

(घ) नेहा के दोस्त ने उससे कुछ सवाल <u>किए</u> थे| (करना)

**ACTIVITY -**

लुई ब्रेल के बारे में जानकारी एकत्रित कर पोस्टर बनाइए|

**Reflection Learning-**

1. जो लोग देख नहीं सकते उनके दर्द को समझेंगे|
2. लुई ब्रेल लिपि के बारे में जानकारी मिलेगी|

**HOME WORK -**

प्रश्नों के उत्तर लिखकर याद करना|

## व्याकरण

## वचन

1 **पढ़ो, समझो और जोड़े बनाओ| ( गृहकार्य )**

(क) गुड़िया - गुड़ियाँ (ख) तोता - तोते (ग) छात्रा - छात्राएँ

(घ) आम - आम (ङ.) पत्ता - पत्ते (च) सेब - सेब

2 **दिए गए शब्दों में से एक और अनेक छाँटकर लिखिए -**

| एक | अनेक |
|---|---|
| पत्ता | पत्ते |
| गाड़ी | मालाएँ |
| घड़ी | कमरे |
| दवाई | लड़कियाँ |
| छाता | बस्ते |
| आँख | टोपियाँ |

3 **दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए -**

संतरा - संतरे

लड़का - लड़के

घड़ी - घड़ियाँ

पैसा - पैसे

पेड़ - कई पेड़

साधु - कई साधु

गेंद - गेंदें

बकरी - बकरियाँ

**4 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करिए -**

(क) <u>लड़कियाँ</u> झूला झूल रही हैं| ( लड़की / लड़कियाँ )

(ख) मेज़ पर <u>मिठाइयाँ</u> रखी हैं| ( मिठाई / मिठाइयाँ )

(ग) सारी <u>पुस्तकें</u> बस्ते में रखो| ( पुस्तक / पुस्तकें )


(घ) बिस्तर पर बिछी <u>चादर</u> नई है| ( चादर / चादरें )

(ङ.) मेरा <u>छाता</u> नया है| ( छाता / छाते )

**क्रियात्मक क्रिया**

**चित्र वर्णन**

**नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 40-45 शब्दों के अनुच्छेद में लिखिए|**



यह चित्र एक सुंदर से उपवन का है| सुबह का समय है| नीले आसमान में कुछ बादल घूम रहे हैं| सूरज बादल के पीछे छिप रहा है| बगीचे में हरे और घने पेड़-पौधे हैं, जिससे चारों ओर हरियाली ही हरियाली है| वहाँ पर रंग-बिरंगे फूल खिले हुए हैं| फूलों का रस चूसने के लिए तितलियाँ मँडरा रही हैं| ठंडी-ठंडी हवा चल रही है| कुछ बच्चे बगीचे में मज़े से खेल रहे हैं| राशि पौधों को पानी दे रही है| आरव और श्याम एक किला बना रहे हैं| रुचिका अपने भाई गोलू को पकड़ रही है| सीमा बड़ी मस्ती से झूला झूल रही है| मौसम सुहावना है इसलिए किसी भी बच्चे को घर जाने का मन नहीं कर रहा है|

**<u>CBE LINK - https://forms.gle/qpUYVbZ4AjFFqyCh7</u>**

# Delhi Public School Gandhinagar

## Academic session (2026-27)

Class: III

Study Materials

JUNE: 2026

## Subject: Hindi

## पाठ- 3 समय - यात्रा

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) उजला - चमकीला

(ख) प्राचीन - पुराना

(ग) आश्चर्य - हैरानी

(घ) उत्साह - जोश

**वाक्य रचना**

प्राचीन-भारत में कई प्राचीन इमारतें हैं|

उत्साह-बच्चे बड़े उत्साह से प्रश्न पूछने लगे|

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

1 बच्चे समय में पीछे कैसे चले गए थे?

उत्तर: बच्चे पुरानी घड़ी का प्रयोग कर समय में पीछे चले गए थे|

2 बच्चों को गाँव में किस तरह की चीज़ें देखने को मिलीं?

उत्तर: बच्चों को गाँव में मिट्टी के घर, बैल चलाते किसान, कुएँ, हैंडपंप, नहरें, पत्थरों के बरतन, मंदिर और मूर्तियाँ देखीं|

3 तारों की मदद से गाँववाले किसका हिसाब लगाते थे?

उत्तर: तारों की मदद से गाँववाले समय का पता लगाते थे|

4 बच्चों को गाँव के लोग कैसे लगे?

उत्तर: बच्चों को गाँव के लोग मेहनती और मिल-जुलकर काम करने वाले लगे|

**CBE QUESTIONS**

1. 'समय-यात्रा के लिए तैयार हो जाओ|' यह वाक्य किस पर लिखा था?

उत्तर: 'समय-यात्रा के लिए तैयार हो जाओ|' यह वाक्य पुरानी घड़ी पर लिखा था|

2. घड़ी का बटन दबाते ही क्या हो गया?

उत्तर: बच्चे एक उजले घेरे में गायब हो गए|

3. "यहाँ तुम्हारा स्वागत है|" - इस वाक्य के अनुसार बच्चों का स्वागत किसने किया?

उत्तर: "यहाँ तुम्हारा स्वागत है|" - इस वाक्य के अनुसार बच्चों का स्वागत बुज़ुर्ग व्यक्ति ने किया|

4. खेतों में किसान जिसके साथ हल चला रहा था, वह गाय का स्त्रीलिंग है, उसका नाम लिखिए|

उत्तर: खेतों में किसान बैलों के साथ हल चला रहा था|

5. पत्थरों से बरतन बनता देख कौन चौंका?

i. आरव ii. मीरा
iii. आदित्य iv. सिया

पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य

1 सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए -

(क) 'आदित्य को एक और चीज़ ने चौंका दिया|' वाक्य में 'चौंका' का अर्थ है -

i. आश्चर्य ✓ ii. उत्साह iii. घबराहट

(ख) बच्चों को प्राचीन भारत का गाँव देख सबसे ज़्यादा किस बात पर आश्चर्य हुआ?

i. बैलों का प्रयोग देखकर ii. मशीनों का प्रयोग देख कर iii. पत्थर से बरतन बनते देखकर ✓

(ग) प्राचीन भारत में लोग विज्ञान की सहायता से -

i. मूर्तियाँ बनाते थे| ii. गणित के आधार पर इमारतें बनाते थे| iii. तारे देखकर समय का पता लगाते थे|

विकल्प अ (i) और (ii) ब (ii) और (iii) ✓ स (i) और (iii)

2 **निम्नलिखित घटनाओं को कहानी के क्रम से लगाइए -**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | बच्चों ने घड़ी को फिर से चालू किया और वे अपने समय में वापस लौट आए| | 5 |
| (ख) | बच्चों ने गाँव के मंदिर की दीवारों पर सुंदर मूर्तियाँ देखीं| | 3 |
| (ग) | मीरा ने पूछा, "यहाँ के लोग बिना मशीन के इतना सुंदर काम कैसे करते हैं?" | 4 |
| (घ) | बुज़ुर्ग व्यक्ति ने बताया कि वे प्राचीन भारत के एक गाँव में हैं| | 1 |
| (ङ.) | बच्चों ने देखा कि गाँव में किसान बैल से खेती कर रहे थे| | 2 |

4 **पाठ के इस अंश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

गाँव में एक --------------------- कैसे करते हैं?

(क) मूर्तियाँ कहाँ बनी हुई थीं?

उत्तर: मूर्तियाँ मंदिर की दीवारों पर बनी हुई थीं|

(ख) मीरा आश्चर्यचकित क्यों थी?

उत्तर: बिना मशीन के इतना सुंदर काम देखकर आश्चर्यचकित हो गई|

**भाषा - व्याकरण की ओर -**

1 'र' के तीनों रूपों के दो-दो उदाहरण लिखिए -

(क) सामान "र" राजा पुरानी

(ख) रेफ़ (र्) धर्म कर्म

(ग) पदेन ( ् ) प्रकाश प्राचीन

2 **अपने आस-पास से ऐसी चीज़ों की सूची बनाइए, जो एक है या एक से अधिक हैं -**

| **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|
| छत | तारे |
| सूरज | कमरे |
| चाँद | पौधे |

3 **निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए -**

(क) जो खेती करता हो — किसान

(ख) जो विज्ञान से संबंधित हो — वैज्ञानिक

(ग) जो मिट्टी का सामान बनाता हो — कुम्हार

(घ) जो कपड़े सिलता हो — दर्जी

(ड.) जो इलाज करता हो — चिकित्सक

**ACTIVITY -**

- **गुजरात राज्य के प्रसिद्ध मंदिर और पर्यटन स्थलों पर एक चित्रात्मक परियोजना तैयार कीजिए| (SEA)**

**Reflection Learning-**

- प्राचीन भारत के ज्ञान-विज्ञान से परिचित हुए|
- पाठ का शुद्ध वाचन करने के साथ शब्द भंडार में वृद्धि हुई|

## व्याकरण

### लिंग

1. **पढ़ो, समझो और जोड़े बनाओ|**

| | | |
|---|---|---|
| **क** | **चूहा** | **चुहिया** |
| **ख** | **राजा** | **रानी** |
| **ग** | **छात्र** | **छात्रा** |
| **घ** | **भैंस** | **भैंसा** |
| **ड.** | **हंस** | **हंसिनी** |
| **च** | **मुर्गी** | **मुर्गा** |

2. **इन शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखो|**

बालक - बालिका कुम्हार - कुम्हारिन

| | |
|---|---|
| चाचा - चाची | बेटा - बेटी |
| बिल्ला - बिल्ली | शेर - शेरनी |
| घोड़ा - घोड़ी | लेखक - लेखिका |

**3. समूह से अलग (लिंगवाले) शब्द पर X लगाओ|**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | चाचा | मामा | नानी X | दादा |
| (ख) | छात्रा | लड़की | औरत | आदमी X |
| (ग) | बंदर | शेरनी X | हाथी | घोड़ा |
| (घ) | हंसिनी X | मोर | चिड़ा | कबूतर |
| (ड.) | गिलास | कटोरी X | ताला | फूलदान |

**4. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य लिखो|**

(क) दादीजी कहानी सुना रही हैं|
दादाजी कहानी सुना रहे हैं|

(ख) माली पौधा लगा रहा है|
मालिन पौधा लगा रही है|

(ग) गायिका गाना गा रही है|
गायक गाना गा रहा है|

(घ) पिताजी बाज़ार गए हैं|
माताजी बाज़ार गई हैं|

(ड.) अध्यापिका पढ़ा रही हैं|
अध्यापक पढ़ा रहे हैं|

**5. रेखांकित शब्द बदलकर सही वाक्य लिखो|**

(क) चिड़ा कहाँ बैठी है?
चिड़ा कहाँ बैठा है?

(ख) नागिन बिल में घुस गया|
नागिन बिल में घुस गई|

(ग) सुनार गहने बनाती है|
सुनार गहने बनाता है|

(घ) छात्रा गृहकार्य कर रहा है|
छात्रा गृहकार्य कर रही है|

**HOME WORK -**

**6 मोर का चित्र बनाकर रंग भरो| उसका स्त्रीलिंग रूप भी लिखो|**

**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**

**Class - 3**

**Term - 1 APRIL & MAY (2026-27)**

## पाठ- 1 सुंदर पास-पड़ोस बनाओ

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) शीतल - ठंडा

(ख) तरु - पेड़

(ग) अंधकार - अँधेरा

(घ) सुंदर - खूबसूरत

**वाक्य रचना**

शीतल- मटके का जल शीतल है|

तरु- बगीचे में तरु की छाया है|

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

1 कलियाँ हमसे क्या कहती हैं?

उत्तर: कलियाँ हमसे हँसने और मुसकाने को कहती हैं|

2 आगे बढ़ते जाने का क्या अर्थ है?

उत्तर: हमें जीवन में बिना घबराए नदियों की तरह ही आगे बढ़ना चाहिए|

3 'अंधकार से मत घबराओ' पंक्ति का क्या अर्थ है?

उत्तर: कठिन परिस्थितियों में भी बिना घबराए जीवन में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए|

4 'जब तक दम बाकी हो', तब तक हमें क्या करते रहना चाहिए?

उत्तर: 'जब तक दम बाकी हो' तब तक हमें अपने प्रत्येक प्रयास से अपने आस-पड़ोस को सुंदर बनाना चाहिए|

**CBE QUESTIONS**

1. हर समय हँसने और मुसकाने को कौन कहती हैं?

उत्तर: हर समय हँसने और मुसकाने को कलियाँ कहती हैं|

2. कविता में किसे सुंदर बनाने के लिए कहा गया है?

उत्तर: कविता में पास-पड़ोस को सुंदर बनाने के लिए कहा गया है|

3. तुम ऊपर उठते जाओ - कविता की इस पंक्ति को कौन कह रहा है?

उत्तर: तुम ऊपर उठते जाओ - कविता की इस पंक्ति को तरु-पौधे कह रहा है|

4. दीपक के अनुसार हमें किससे घबराना नहीं चाहिए?

उत्तर: दीपक के अनुसार हमें अंधकार से घबराना नहीं चाहिए|

5. कविता के कवि का नाम लिखिए|

उत्तर: श्रीनाथ सिंह

पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य

1 सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए -

(क) नदियाँ हमसे किन्हें शीतल करने के लिए कह रही हैं?

i. कुछ लोगों को ii. बहुत लोगों को iii. सभी लोगों को ✔

(ख) कवि सभी से क्या कह रहे हैं?

i. पेड़-पौधे लगाओ ii. सब सुंदर बन जाओ iii. सुंदर पास-पड़ोस बनाओ ✔

(ग) 'रहो सदा तुम सबके ---------, सुंदर पास-पड़ोस बनाओ|' खाली जगह के लिए सही शब्द होगा-

i. न्यारे ii. प्यारे ✔ iii. दुलारे

**कविता की पंक्तियों का मिलान कीजिए -**

(क) हर दम हँसो और - मुसकाओ

(ख) देखो क्या कहती है - नदियाँ

(ग) तुम ऊपर को उठते - जाओ

(घ) सुंदर पास-पड़ोस - बनाओ

**2. कविता के इस अंश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

**देखो क्या कहते तरु-पौधे,**
**तुम ऊपर को उठते जाओ|**
**हरा-भरा मन रखो अपना,**
**सुंदर पास-पड़ोस बनाओ|**

क तरु व पौधे किसे और क्या कहते हैं?

उत्तर: तरु व पौधे मनुष्य और बच्चों को ऊपर उठने को कहते हैं|

ख हरा-भरा मन रखने का क्या अर्थ है?

उत्तर: आस-पास को सुंदर बनाओ और खुशहाली फैलाओ|

**भाषा - व्याकरण की ओर**

1 **कविता से समान तुक वाले शब्द लिखिए -**

| | | |
|---|---|---|
| कलियाँ | जाओ | पास |
| नदियाँ | बनाओ | पड़ोस |

गृहकार्य 2 **अपने आस-पास से कुछ नाम वाले शब्द पहचानकर लिखिए -**

| | | |
|---|---|---|
| पेड़ | दीवार | दरवाज़ा |
| सड़क | घर | चौकीदार |

**ACTIVITY -**

- **अपने आस-पास दिखने वाले दृश्य का एक सुंदर चित्र बनाकर उसमें रंग भरिए| (AIL)**
- **पेड़ों के महत्त्व पर चर्चा|**


**Reflection Learning-**

1. ➢ **पास-पड़ोस का महत्व समझकर उसे साफ़-सुथरा रखने का प्रयास किया|**
2. ➢ **पाठ का शुद्ध वाचन करने के साथ शब्द भंडार में वृद्धि हुई|**

**व्याकरण**

**हमारी भाषा**

1. **चित्रों में अपनी बात कैसे कही गई है? सही उत्तर पर ✔ लगाओ -**



i. लिखकर ii. बोलकर iii. संकेत देकर ✔



i. लिखकर ✔ ii. बोलकर iii. संकेत देकर



i. लिखकर ii. बोलकर ✔ iii. संकेत देकर

2. **हाँ या नहीं में उत्तर दो -**

(क) पत्र लिखना भाषा का मौखिक रूप है | नहीं
(ख) हम अपनी बात भाषा के माध्यम से बताते हैं | हाँ
(ग) मोबाइल पर बात करना भाषा का मौखिक रूप है | हाँ
(घ) पुस्तक में भाषा का मौखिक रूप मिलता है | नहीं
(ङ.) हिंदी एक भाषा है | हाँ

**3. चित्रों में भाषा के किस रूप का प्रयोग हो रहा है -**

(क)  लिखित

(ख) 

मौखिक

(ग) 

लिखित

(घ)  लिखित

**4. मौखिक और लिखित भाषा के दो-दो उदाहरण छाँटकर लिखिए -**

(क) मौखिक भाषा - फ़ोन, रेडियो

(ख) लिखित भाषा - पुस्तक, अख़बार


**5. पोशाक पहचानकर प्रदेश का नाम तथा वहाँ बोली जाने वाली भाषा लिखो -**

 गुजरात गुजराती

 पश्चिम बंगाल बांग्ला



महाराष्ट्र मराठी



पंजाब पंजाबी


**ACTIVITY - भारत के किन्हीं पाँच राज्यों के नाम लिखकर उनकी भाषाएँ लिखिए|**

## संज्ञा

1. **वर्णों का क्रम बदलकर चित्रों का सही नाम लिखो-**

   गिरगिट नाशपाती रजनीगंधा

2. **वर्ग पहेली में से संज्ञा शब्द ढूँढकर सही स्थान पर लिखिए -**



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कं | ट | दु | ख | र |
| घी | मा | प | का | सी |
| मो | ट | पी | मा | ली |
| र | र | ता | थ | म |
| च | म | ट | शे | र |

पक्षी

   व्यक्ति - माली

   वस्तु - कंघी

   फल - पपीता

   सब्ज़ी - टमाटर

   पशु - शेर

   पक्षी - मोर

   मन का भाव - दुख

3. **संज्ञा शब्दों को रेखांकित करो और खाली स्थान भरकर वाक्य पूरे करो -**

   राधिका गाँव में रहती है| उसके पिताजी किसान हैं| वे अनाज और सब्ज़ी उगाते हैं| एक बार वे अपने भाई से मिलने शहर गए| वे राधिका को भी अपने साथ ले गए| वहाँ बाज़ार से

उन्होंने कुछ कपड़े और खिलौने खरीदे| वे चिड़ियाघर भी देखने गए| राधिका को जिराफ़, मगरमच्छ और हाथी देखकर बहुत ख़ुशी हुई|

(क) राधिका गाँव में रहती है|

(ख) उसके पिताजी किसान हैं|

(ग) वहाँ बाज़ार से उन्होंने कुछ कपड़े और खिलौने खरीदे|

(घ) राधिका को जिराफ़, मगरमच्छ और हाथी देखकर बहुत ख़ुशी हुई|

4. **कोष्ठक में से उचित संज्ञा शब्द चुनकर खाली जगह में लिखो -**

(क) भारत एक देश है| (शहर / देश)

(ख) गुलाब एक फूल है| (फूल / फल)

(ग) आसमान में तारे चमक रहे हैं| (ज़मीन / आसमान)

(घ) रमेश ने गरम रोटी खाई| (रोटी / चाय)

(ड.) आरती पुस्तक पढ़ रही है| (पुस्तक / पेंसिल)

5. **दिए गए वाक्यों में से दो-दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो -**

| | | |
|---|---|---|
| (क) मेरे माता-पिता बाहर गए हैं| | माता | पिता |
| (ख) रीना ने एक गुलाब खरीदा| | रीना | गुलाब |
| (ग) ताज महल आगरा में है| | ताज महल | आगरा |
| (घ) मेरी कक्षा में चार पंखे हैं| | कक्षा | पंखे |
| (ड.) मेज़ पर अंगूर रखे हैं| | मेज़ | अंगूर |

6. **रेखांकित शब्द क्या हैं - व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव? लिखो -**

| | |
|---|---|
| (क) अपने प्रिय मित्र से मिलकर कपिल को बहुत ख़ुशी हुई| | भाव |
| (ख) जो भी काम करो, पूरी ईमानदारी से करो| | भाव |
| (ग) अलमारी से पुस्तक निकालो| | वस्तु |
| (घ) रीता प्रिया से लंबी है| | व्यक्ति |
| (ड.) मैं कल कोलकाता जाऊँगा| | स्थान |

ACTIVITY - संज्ञा शब्दों का खेल

## क्रियात्मक कार्य

## अपठित गद्यांश

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

शुतुरमुर्ग बहुत------------------------- दौड़नेवाला पक्षी है| (पेज न.-78, व्याकरण भारती)

(क) शुतुरमुर्ग का वज़न कितना होता है?

उत्तर शुतुरमुर्ग का वज़न 150 से 175 किलोग्राम होता है|

(ख) शुतुरमुर्ग की ऊँचाई कितनी होती है?

उत्तर शुतुरमुर्ग की ऊँचाई 7 से 9 फुट होती है|

(ग) शुतुरमुर्ग की टाँगे कैसी होती हैं?

उत्तर शुतुरमुर्ग की टाँगें पतली, लंबी और मज़बूत होती हैं|

(घ) शुतुरमुर्ग की एक विशेषता लिखो|

उत्तर शुतुरमुर्ग ज़मीन पर सबसे तेज़ दौड़नेवाला पक्षी है|

(ड.) शुतुरमुर्ग के पैरों में कितनी उँगलियाँ होती हैं?

उत्तर शुतुरमुर्ग के पैरों में केवल दो उँगलियाँ होती हैं|

(छ) गद्यांश में सबसे तेज़ दौड़ने वाला पक्षी किसे बताया गया है?

उत्तर गद्यांश में सबसे तेज़ दौड़ने वाला पक्षी शुतुरमुर्ग को बताया गया है|

## अनुच्छेद लेखन

**'मेरा प्रिय मित्र' विषय पर 40-45 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए -**

अनुज मेरा प्रिय मित्र है| वह मेरी ही कक्षा में पढ़ता है| वह कक्षा में प्रथम आता है| वह अपना सभी काम समय पर करता है| वह सभी छात्रों से मीठा बोलता है| उसका स्वभाव दयालु है| वह हमेशा सभी की मदद करने के लिए तैयार रहता है| वह सभी शिक्षकों का सम्मान करता है| वह माता-पिता की आज्ञा का पालन करता है| हम दोनों मिलकर पढ़ाई करते हैं| वह मेरे घर के पास रहता है| हम रोज़ शाम को खेलते हैं| हम दोनों एक-दूसरे के घर आते जाते हैं| वह मेरी हर बात को समझता है| जब मुझे पढ़ने या समझने में परेशानी होती है, वह मेरी मदद करता है| मैंने उससे कई अच्छी बातें सीखी हैं|

अभ्यास हेतु - जब हम बच्चों ने सफ़ाई की (पेज न. - 70)

CBE LINK https://forms.gle/nTA2WR25YL6NPSxD8